3 (Sem–5/CBCS) HIN RG

# 2024

## HINDI

## ( Regular Generic )

Paper : HIN–RG–5016

**( संगीत एवं साहित्य )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'वैदिक संगीत' से आप क्या समझते हैं?

(ख) नृत्य के आविष्कारक एवं पाँच रागों के जनक कौन हैं?

(ग) महर्षि भरत ने 'वाद्य' को किस नाम से पुकारा है?

(घ) संगीत की तराना शैली के प्रवर्तक कौन हैं?

(ङ) मीराँबाई द्वारा प्रयुक्त वाद्ययंत्र का नाम क्या है?

(च) हिन्दी के आदि गीतिकार कौन हैं?

(छ) राग मालकोस कब गाया जाता है?

(ज) 'नाट्यवेद' नामक पंचम वेद की रचना किसने की है?

(झ) एक ऐसे वाद्ययंत्र का नाम लिखिए जो पूर्णरूप से भारतीय है।

(ञ) 'पन्थ होने दो अपरिचित' शीर्षक गीत की रचना किसने की है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) ऋग्वेद में 'गीत' के लिए किन-किन शब्दों का प्रयोग किया गया है? किन्हीं दो का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) सुषिर वाद्य किसे कहते हैं?

(ग) 'ठुमरी' गायन-शैली की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

(घ) किस बात से पता चलता है कि सूरदास कवि होने के साथ-साथ उत्तम गायक भी थे?

(ङ) जयशंकर प्रसाद विरचित किन्हीं दो रचनाओं का नामोल्लेख कीजिए जिसमें संगीत-तत्त्व विद्यमान हैं।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) संगीत के क्षेत्र में भरतमुनि के योगदान पर प्रकाश डालिए।

(ख) "हिन्दुस्तानी संगीत के पहले महान संगीतज्ञ अमीर खुसरो को संगीत के क्षेत्र में किए गए उनके अविस्मरणीय कार्यों के लिए उन्हें सदा याद किया जाएगा।" इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? सतर्क उत्तर दीजिए।

(ग) 'सूफी संतों का संगीत में अवदान' इस विषय पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(घ) तुलसीदास की रचनाओं में निहित गीति-तत्त्व पर टिप्पणी लिखिए।

(ङ) निराला के गीतों में निहित संगीतात्मकता की कोई तीन विशेषताएँ सोदाहरण बताइए।

(च) "पंत की रचनाओं में प्रकृति के साथ-साथ गीति-तत्त्वों की भी अतिशयता है।" स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) साहित्य और संगीत के अंतर्सम्बन्ध पर सम्यक् विवेचन प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

'मैथिल कोकिल' विद्यापति की 'पदावली' में आप संगीत को किस प्रकार देखते हैं? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

(ख) भारतीय संगीत की विकास-यात्रा पर एक लेख लिखिए।

**अथवा**

मध्यकालीन वाद्ययंत्रों के विविध प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'कबीर की रचना में संगीत की भूमिका' —इस विषय पर उदाहरण सहित विचार कीजिए।

अथवा

"मीराँ का प्रत्येक पद संगीतशास्त्र की दृष्टि से वरदान है तथा भजन व कीर्तन-परम्परा की अमूल्य निधि है।" प्रस्तुत कथन की सत्यता प्रमाणित कीजिए।

(घ) प्रसाद के गीतों के वैशिष्ट्य पर विस्तारपूर्वक विवेचन कीजिए।

अथवा

महादेवी वर्मा के गीतों की भावभूमि पर प्रकाश डालिए।

★ ★ ★